प्रादेशिक समाचार
28.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच चल रही है। इस चरण के लिए 8 सौ 5 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। उम्मीदवार 30 अक्टूबर तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। इस चरण में 13 नवंबर को तैंतालीस सीटों पर मतदान होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। इस बीच, विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से राज्य में तलाशी अभियान के दौरान 57 करोड़ 67 लाख रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर 19 प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

*****************

झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक विशेष पहल की गई है। इसके अंतर्गत स्कूलों में छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्र–छात्राओं ने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपने माता–पिता को पत्र लिखा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने बताया कि छात्रों के माता–पिता तथा अभिभावक शाम 5 बजे से 7 बजे के बीच सोशल मीडिया पर हैशटैग मम्मी पापा वोट दो के साथ पत्रों को साझा करेंगे।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव में बरहेट सीट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ भाजपा ने गमालियम हेम्ब्रम को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं टुंडी सीट से झामुमो के मथुरा महतो के खिलाफ भाजपा ने विकास महतो को टिकट दिया है। इन दोनों उम्मीदवारों की आज औपचारिक रूप से घोषणा कर दी गई है।

*****************

राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिए 38 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नामांकन दाखिल किया। उधर, गिरिडीह सीट से पार्टी प्रत्याशी निर्भय कुमार शहाबादी ने भी नामांकन का पर्चा भरा। बाद में एक जनसभा भी की गयी। मौके पर भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, अन्नपूर्णा देवी और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष डा. रवीन्द्र राय भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने आरोप लगाया कि झामुमो–कांग्रेस की सरकार में राज्य की महिलाएं रोज अपमानित हो रही हैं।

*****************

उधर, झामुमो, कांग्रेस, राजद और माले के कई प्रत्याशियों ने भी आज अपनी नामजदगी का पर्चा भरा। डुमरी विधानसभा सीट से झामुमो की प्रत्याशी और राज्य की महिला एवम बाल विकास मंत्री बेबी देवी ने नामांकन दाखिल किया। जामा सीट से झामुमो प्रत्याशी लुईस मरांडी, देवघर विधानसभा सीट से राजद उम्मीदवार सुरेश पासवान और बगोदर विधानसभा सीट के लिए भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह ने भी परचे दाखिल किये।

*****************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। श्री सिन्हा ने आज राजधानी रांची में झारखंड भाजपा के चुनाव सह–प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।

*****************

गो्ड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हेमंत सोरेन सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। श्री दुबे ने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है।

*****************

इधर, कांग्रेस नेता और राज्य के मंत्री डा. इरफान अंसारी ने इस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि सांसद निशिकांत दुबे गलत आंकड़ा पेश कर डेमोग्राफी चेंज का भ्रम फैला रहे हैं।

*****************

गढ़वा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

*****************